# Code No. 2304

**CLASS : 11th (Eleventh)**

**Series : 11/March/2023**

*रोल नं०* ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **12** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट :- (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(क) कबीर किसके उपासक थे ?

(i) राम (ii) कृष्ण

(iii) सगुण ईश्वर के (iv) निर्गुण ईश्वर के



P.T.O.

(ख) मीरा जगत् में क्या देखकर प्रसन्न होती है ?

(i) सगे-संबंधी को

(ii) प्रभु भक्ति को

(iii) सामाजिक बंधन को

(iv) प्रजा को

(ग) पथिक किस पर बैठकर रत्नाकर के घर में घूमना चाहता है ?

(i) जहाज पर

(ii) नाव पर

(iii) वायु पर

(iv) बादल पर

(घ) 'घर की याद' कविता में कवि के कितने भाई हैं ?

(i) तीन (ii) चार

(iii) दो (iv) एक

(ङ) कवि ने किसान की आँखों की तुलना किससे की है ?

(i) अंधेरी गुफा से

(ii) नीली आँखों से

(iii) लाल आँखों से

(iv) झील-सी आँखों से

(च) 'मन का हरापन' का अर्थ है :

(i) मन का हरा होना

(ii) मन की खुशियाँ

(iii) मन की चंचलता

(iv) मन का विकास

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

पाँव जो पीछे हटाता, कोख को मेरी लजाता,
इस तरह होओ न कच्चे, रो पड़ेंगे और बच्चे,
पिता जी ने कहा होगा, हाय कितना सहा होगा,
कहाँ में रोता कहाँ हूँ, धीर में खोता कहाँ हूँ

**अथवा**

दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से विलोयी
दधि मथि घृत काढ़ि लियो, डारि दयी छोयी
भगत देखि राजी हुयी, जगत देखि रोयी
दासी मीरा लाल गिरधर! तारो अब मोही

**3.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 3

प्रतिक्षण नूतन वेश बनाकर रंग-बिरंग निराला।
रवि के सम्मुख थिरक रही है नभ वारिद माला।
नीचे नील समुद्र मनोहर ऊपर नील गगन है।
घन पर बैठ, बीच में बिचरूँ यही चाहता मन है।।

4. निम्नलिखित में से ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 + 3 = 6

(क) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है ?

(ख) 'साये में धूप' गज़ल में कवि ने मानवीय पीड़ा का यथार्थ चित्रण किया है, स्पष्ट करें।

(ग) 'घर की याद' कविता में पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उकेरा है ?

5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(क) 'काम करने से आता है नसीहतों से नहीं' यह कथन किसका है ?

(i) नसीरुद्दीन के पिता का

(ii) लेखिका का

(iii) कारिंदे का

(iv) नसीरुद्दीन का

(ख) कमजोर गाय किसका प्रतीक है ?

(i) सरकारी कर्मचारी का

(ii) सरकार का

(iii) व्यापारी का

(iv) साधारण जनता का

(ग) मास्टर जी की आवाज कैसी थी ?

(i) कमजोर (ii) कड़क

(iii) सुरीली (iv) धीमी

(घ) लेखक किसके अहंकार को चूर कर देना चाहता है ?

(i) समाज के

(ii) मित्रों के

(iii) अपने

(iv) हिमालय की चोटियों के

(ङ) 'पुकुर' का अर्थ है ?

(i) पोखर

(ii) नदी

(iii) नहर

(iv) सागर

(च) आपकी दृष्टि में कहानी का खलनायक कौन है ?

(i) न्यायाधीश

(ii) अलोपीदीन

(iii) वकील

(iv) दारोगा

6. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

फिल्म का काम ढाई साल चलने वाला है। इस बात का अंदाजा मुझे पहले नहीं था। इसलिए जैसे दिन बीतने लगे, वैसे-वैसे मुझे डर लगने लगा। अप्पू और दुर्गा की भूमिका निभाने वाले बच्चे ज्यादा बड़े हो गए, तो फिल्म में वह दिखाई देगा। लेकिन मेरी खुशकिस्मती से उस उम्र में बच्चे जितना बढ़ते हैं, उतने अप्पू और दुर्गा की भूमिका निभाने वाले बच्चे नहीं बढ़े।

अथवा

कालिदास को अपने 'ऋतु संहार' में यहाँ वर्षा का तो संहार ही करना पड़ेगा। कालिदास में वर्षा का क्या ठाट है ? यह वर्षा वर्णन इस प्रकार शुरू होता है : प्रिये ! जल की फुहारों से भरे बादलों के मतवाले हाथी पर चढ़ा हुआ, चमकती बिजलियों की झंडियों को फहराता हुआ और बादलों की गरज के नगाड़े बजाता हुआ यह कामीजनों का प्रिय पावस राजाओं का-सा ठाट-बाट बनाकर आ पहुँचा।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 + 3 = 6

(क) भारतीय जनता की किन विशेषताओं का लेखक ने पठित पाठ में उल्लेख किया है ?

(ख) घनश्याम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी क्यों नहीं समझता था ?

(ग) बंबई में रहकर कला के अध्ययन के लिए रज़ा ने क्या-क्या संघर्ष किए ?

**8.** शेखर जोशी ***अथवा*** मन्नू भंडारी के जीवन, साहित्यिक विशेषताओं एवं भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए। 3

**9.** ***'वितान' (भाग-1)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 5 = 10

(क) लेखक लता के गीतों से कैसे प्रभावित हुआ ?

(ख) चेलवांजी कौन हैं ? उनके द्वारा किया गया मुख्य कार्य क्या है ?

(ग) सुनील कौन था ? क्या उसने लेखिका की मदद की थी ?

(घ) शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में क्या अन्तर है ?

(ङ) राजस्थान में कुंई क्यों बनाई जाती है ?

10. *'अभिव्यक्ति और माध्यम'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *दो* के उत्तर दीजिए : 5 + 5 = 10

(क) संचार के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

(ख) पटकथा लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है और क्यों ?

(ग) विद्यालय में गणतन्त्र दिवस समारोह का कार्यवृत्त तैयार कीजिए।

11. *'नैतिक शिक्षा'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) तप से क्या अभिप्राय है ?

(ख) अहिल्याबाई होलकर का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(ग) विज्ञान का प्रयोग करने के विषय में डा० सी० वी० रमन के क्या विचार थे ?

(घ) वसुधैव कुटुम्बकम् का भावार्थ बताइए।

(ङ) डॉ० अब्दुल कलाम का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

12. (क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

मैंने देखा कि बेडौल अक्षर अधूरी शिक्षा की निशानी है। अतः मैंने पीछे से अपना खत सुधारने की कोशिश भी की परन्तु पक्के घड़े पर कहीं मिट्टी चढ़ सकती है। जवानी में जिस बात की अवहेलना मैंने की, उसे मैं फिर आज तक नहीं सुधार सका। अतः हरेक नवयुवक मेरे इस उदाहरण को देखकर चेते और समझे कि सुलेख शिक्षा का एक आवश्यक अंग है। सुलेख के लिए चित्रकला आवश्यक है।

(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) नवयुवकों को क्या चेतावनी दी है ?

(iii) अधूरी शिक्षा की निशानी किसे माना है ?

(iv) सुलेख के लिए क्या आवश्यक है ?

1 + 1 = 2

(ख) संधि-विच्छेद कीजिए :

एकैक, देवेन्द्र

1 + 1 = 2

(ग) विग्रह करके समास का नाम लिखिए :

पंचनद, भीमार्जुन

1 + 1 = 2

(घ) वाक्य शोधन कीजिए :

(i) चोर दण्ड देने योग्य है।

(ii) सुभाष बड़ा चालाक है।